पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री एन0डी0 तिवारी को जन्म दिवस की बधाई दी

लखनऊः 14 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री नारायण दत्त तिवारी के आवास जाकर उनके 90वें जन्म दिवस की अग्रिम बधाई दी। श्री नारायण दत्त तिवारी का जन्मतिथि 18 अक्टूबर है। इस वर्ष वे अपना जन्म दिवस उत्तराखण्ड में मनायेंगे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर श्री नारायण दत्त तिवारी को उनके माल एवेन्यू स्थित आवास जाकर पुष्प गुच्छ दिया तथा उनके शतायु होने की शुमकामना भी की। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेता होने के कारण उनके विचार और मार्ग दर्शन समाज को मिलता रहें। राज्यपाल ने इस अवसर पर उनके आवासीय परिसर में एक आम का पौधा भी रोपा। इस अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती उज्जवला तिवारी एवं पुत्र रोहित शेखर भी उपस्थित थे।

यह वृक्ष
श्री नारायण दत्त तिवारी जी की
90वीं वर्षगांठ पर
महामहिम राज्यपाल, उ.प्र. श्री राम नाईक जी द्वारा
अभिनन्दन-स्मृति रोपण दि.: 14/10/2015 को रोपा गया